हिंदी दैनिक

रहस्य संदेश

क-115 लखनऊ व एटा से प्रकाशित बुधवार, 24 अप्रैल 2024 R.N.I. No.: UPHIN/2007/20715 पृष्ठ- 4

नामांकन दाखिल किया।

कृषि के क्षेत्र में नवयुवकों के सपनों को पंख लगा रहा कृषि विश्व विद्यालय

अनवर अशरफ

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति डॉ आनंद कुमार सिंह ने बताया कि आज कृषि क्षेत्र में कैरियर की असीम संभावनाओ को देखते छात्र छात्राएं सीएसए विश्वविद्यालय में कृषि स्नातक, परास्नातक एवं पी एचडी कोर्स में न केवल प्रवेश ले रहे हैं बल्कि कृषि शिक्षा के साथ कृषि शोध में महारत हासिल कर अपने सपनों को भी सरकार कर रहे हैं। डॉ सिंह ने बताया कि कृषि क्षेत्र में तरह-तरह के तकनीकी बदलाव किए जा रहे हैं। यही वजह है कि आज युवाओं की रुचि कृषि क्षेत्र में कैरियर बनाने की ज्यादा दिखाई दे रही है कुलपति ने बताया कि कृषि शिक्षा का उद्देश्य सिर्फ फसल उत्पादकता बढ़ाना ही नहीं है बल्कि युवा पीढ़ी को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों की जरूरत के मुताबिक भी तैयार करना है। उन्होंने बताया कि छात्र छात्राएं कृषि विश्वविद्यालय से स्नातक पर स्नातक एवं पीएचडी करके प्रशासनिक पदों के साथ ही अन्य संबंधित विभागों में अधिकारी/ कर्मचारी के रूप में चयनित हो सकते हैं। विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉक्टर पी के उपाध्याय ने बताया कि कृषि क्षेत्र में युवाओं के बढ़ते रुझान को देखते हुए यूपीकैटेट 2024 की संयुक्त प्रवेश परीक्षा हेतु ऑनलाइन फॉर्म 17 मार्च से भरे जा रहे हैं। ऑनलाइन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 7 मई 2024 है तथा ऑनलाइन फीस जमा करने की अंतिम तिथि 8 मई 2024 है। उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी के लिए छात्र छात्राएं https://upcatet.org या www.svpuat.edu.in का अद्यतन अवलोकन करते रहें।